# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा दिनांक 11.09.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 11.09.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, आई.एस.ए./आई.ई.सी समन्वयक व सी.बी. एण्ड टी. समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई से QA/QC उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गयेः—

1. अधोहस्ताक्षरी की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा प्रस्तुत प्रगति विवरण पत्र के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि जनपद में कुल 14116.00 कि.मी. पाइप लाइन बिछायी जानी है जिसके सापेक्ष अब तक कुल 13887.00 कि.मी. पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि शेष 229.00 कि.मी. पाइप लाइन बिछाए जाने का कार्य आगामी बैठक तक पूर्ण करें।

   **(कार्यवाही— परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

2. बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण द्वारा प्रस्तुत आई0जी0आर0एस0 विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक शिकायतें पाइप लाइन में लीकेज, पेयजलापूर्ति तथा पेयजल गृह संयोजन से सम्बन्धित प्राप्त हुई है तथा शिकायतों की संख्या कम करने के लिए जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता तथा कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 लि0 के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि जनपद में समस्त ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर तैनात पंप आपरेटर, ग्रामों का भ्रमण करते रहें तथा जनसामान्य से शिकायतों को प्राप्त कर अपने रजिस्टर में अंकित करें तथा जूनियर इंजीनियर शिकायतों का निस्तारण एन0सी0सी0 लि0 के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें तथा सहायक अभियन्ता निस्तारित समस्याओं का औचक परीक्षण करें। किसी भी दशा में अगले माह जन शिकायतें 500 से ऊपर नहीं होनी चाहिए। साथ ही साथ जल निगम ग्रामीण के समस्त जूनियर इंजीनियर भी अपने—अपने क्षेत्रों का नियमित रूप से भ्रमण कर शिकायत पंजिका का अवलोकन करते रहें।

   **(कार्यवाही— अधिशासी अभियंता, सहा0 अभि0, जूनियर इंजी0 जल निगम ग्रामीण एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

3. बैठक में प्रस्तुत प्रगति विवरण पत्र के अवलोकन से यह भी ज्ञात हुआ कि जनपद में अभी तक कुल 02 योजनाओं के बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। जिसमें एन0सी0सी0 लि0 हरदोई द्वारा अवगत कराया गया कि जिन योजनाओं पर बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है उन योजनाओं पर भूमि विवाद है। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामीण पेयजल योजनाओं पर भूमि विवाद है उन योजनाओं को मुख्य विकास अधिकारी के सहयोग से

निस्तारण कराकर कार्य प्रारम्भ करायें तथा आगामी बैठक तक उनका 30 प्रतिशत् कार्य अवश्य पूर्ण करें।

**(कार्यवाही– अधि0अभि0, जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

4. बैठक में प्रस्तुत प्रगति विवरण पत्र के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि जनपद में कुल 5014.45 कि.मी. सड़क पुर्नस्थापना का कार्य किया जाना था जिसके सापेक्ष अब तक कुल 4937.19 कि.मी. सड़क पुर्नस्थापना का कार्य किया जा चुका है। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अवशेष बची सड़कों की स्थाई पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्तापरक मिशन मोड पर अतिशीघ्र पूर्ण करायें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

5. अधोहस्ताक्षरी की समीक्षा बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा दिनांक 11.09.2025 को विकासखंड बावन के ग्राम पंचायत कौढ़ा में प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया तो उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदी गयी सड़कों की पुर्नस्थापना के कार्यों के प्रति काफी असंतोष व्यक्त किया गया तथा कई स्थानों पर पाइप लाइन में लीकेज भी पाया गया। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि कार्यदायी संस्था द्वारा बरसात के कारण धंस गयी सड़कों को पुनः पुर्नस्थापित न कराये जाने के कारण 0.25 प्रतिशत LD अध्यारोपित की जाये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण हरदोई।)**

हस्ता0––––
(अनुनय झा)
जिलाधिकारी
हरदोई।

## कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पत्रांक 17/26 / प07-70 / 546 दिनांक: 22/9/25

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, आई.एस.ए. / आई.ई.सी. कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

Digitally signed by
ANUNAYA JHA
Date: 22-09-2025
19:06:13

जिलाधिकारी
हरदोई।